USAID
FROM THE AMERICAN PEOPLE

Room to Read

# बाल साहित्य पुरस्कार 2023

## प्रविष्टियाँ भेजने हेतु दिशा-निर्देश



# प्रविष्टियाँ भेजने हेतु दिशा-निर्देश

रूम टू रीड इंडिया द्वारा पहली बार **रूम टू रीड बाल साहित्य पुरस्कार** का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष यह आयोजन संयुक्त राज्य अंतर्राष्ट्रीय विकास एजेंसी (यूएस ऐड) के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।

रूम टू रीड बाल साहित्य पुरस्कार बच्चों के लिए लिखी जाने वाली **चित्र-पुस्तकों के रचयिताओं** यथा लेखकों, चित्रकारों तथा प्रकाशकों की प्रतिभा तथा प्रयासों का सम्मान करने की दिशा में एक पहल है। ये रचयिता बच्चों को गुणवत्तापूर्ण साहित्य के आनंद से परिचित करवाते हैं। इसके साथ ही ये पुरस्कार बाल साहित्य के पारिस्थितिकी तंत्र को प्रभावित करने वाले हितकारकों, जैसे कि शिक्षक, लाइब्रेरियन्स, अभिभावकों तथा सरकारी-ग़ैर-सरकारी अधिकारियों का ध्यान भी इस तरफ आकर्षित करायेंगे जिसके फलस्वरूप गुणवत्तापूर्ण बाल साहित्य के प्रसार को बढ़ावा मिलेगा।

**इसके तहत 1 अप्रैल 2021 से 31 मार्च 2023 के दौरान मूलत: हिन्दी भाषा में प्रकाशित** चित्र-पुस्तकों को **चार श्रेणियों** में चयन कर सम्मानित किया जाएगा। उपर्युक्त तिथियों से पहले अथवा बाद में प्रकाशित हुई पुस्तकों का चयन नहीं किया जाएगा।

**नोट:** नामांकन के लिए केवल वही चित्र-पुस्तकें मान्य होंगीं, जो मूलत: हिन्दी भाषा में लिखी गई हैं। साथ ही भारत में प्रकाशित हुई हैं। अन्य भाषाओं से हिंदी में अनूदित या रूपान्तरित तथा भारत से बाहर प्रकाशित पुस्तकों ने नामांकन अमान्य होंगे। हालाँकि, समसामयिक संदर्भ और संवेदनशीलता के अनुरूप पुनर्कल्पित या पुनर्लिखित रचनाओं पर विचार किया जा सकता है।

> **चित्र-पुस्तक बातचीत करते हुए पढ़कर सुनाने (Read Aloud) के मक़सद से बनायी जाती है, इसमें चित्रसज्जा का अनुपात बहुत अधिक होता है। साथ ही पाठ तथा चित्रों का सामंजस्य इस प्रकार बिठाया जाता है कि इसके पाठकों को चित्र देखकर भी कहानी आसानी से समझ आ सकती है।**

## नामांकन श्रेणियाँ

आवेदक निम्न श्रेणियों में अधिकतम 5 नामांकन (प्रति श्रेणी) जमा करवा सकते हैं:

(किसी श्रेणी में एक से अधिक प्रविष्टि भेजने के लिए कृपया अलग से नामांकन पत्र भरकर भेजें। उदाहरण के लिए, किसी पुस्तक के लिए लेखक तथा चित्रकार दोनों का ही नामांकन करना हो तो दोनों के लिए अलग-अलग नामांकन पत्र भरेंगे। इसी प्रकार किसी श्रेणी में एक से अधिक प्रविष्टियाँ भेजनी हों तो प्रत्येक प्रविष्टि के लिए अलग से नामांकन पत्र भेजें।)

1. **रूम टू रीड युवा चित्र-पुस्तक लेखक पुरस्कार (3-8 वर्ष)**
2. **रूम टू रीड युवा चित्र-पुस्तक लेखक पुरस्कार (8-12 वर्ष)**
3. **रूम टू रीड युवा चित्र-पुस्तक इलस्ट्रेटर पुरस्कार (3-8 वर्ष)**
4. **रूम टू रीड युवा चित्र-पुस्तक इलस्ट्रेटर पुरस्कार (8-12 वर्ष)**

उपरोक्त पुरस्कारों के साथ-साथ निम्न श्रेणियों में भी पुस्तकों को सम्मानित किया जाएगा:

1. **रूम टू रीड साल की सर्वश्रेष्ठ चित्र-पुस्तक पुरस्कार (3-8 वर्ष)**
2. **रूम टू रीड साल की सर्वश्रेष्ठ चित्र-पुस्तक पुरस्कार (8-12 वर्ष)**

इन पुरस्कारों के विजेताओं का चयन उपरोक्त श्रेणियों हेतु प्राप्त प्रविष्टियों में से ही किया जाएगा। **यह पुरस्कार प्रकाशक को प्रदान किया जाएगा।**

नामांकन पत्र का लिंक: Children's Literature Awards 2023 (google.com)

# महत्वपूर्ण तिथियाँ

| | |
|---|---|
| नामांकन की शुरूआत | 21 जुलाई, 2023 |
| नामांकन पत्र तथा पुस्तक की प्रतियाँ भेजने की अंतिम तिथि | 25 अगस्त 2023 |
| शॉर्टलिस्ट की घोषणा* | सितंबर 2023 |
| पुरस्कार समारोह | नवंबर 2023 |

* रूम टू रीड बाल साहित्य पुरस्कारों के बारे में जानकारी लेने के लिए - जैसे कि शॉर्टलिस्ट का प्रकाशन या विजेताओं की घोषणा आदि - रूम टू रीड की वेबसाइट एवं सोशल मीडिया हैंडल्स को फॉलो करते रहें। अंतिम चयन के बारे में केवल विजेताओं तथा उनके नाम से आवेदन करने वालों को ई-मेल अथवा फ़ोन द्वारा सूचित किया जाएगा।

www.facebook.com/roomtoreadindia

https://twitter.com/roomtoreadindia

https://www.instagram.com/roomtoreadindia/?hl=en

https://www.linkedin.com/company/room-to-read-india/?originalSubdomain=in

https://www.youtube.com/channel/UCIql1_PqXURuWy6WKHQLcyg

www.roomtoreadindia.org

# योग्य आवेदकों का चयन

बाल साहित्य विशेषज्ञों तथा प्रबुद्धजन का एक निर्णायक मंडल प्रविष्टियों का मूल्यांकन करेगा। मूल्यांकन पूर्णतया नामांकन पत्र में दी गई जानकारी तथा आवेदक द्वारा भेजी गई चित्र-पुस्तक के आधार पर किया जाएगा। आवेदकों से अनुरोध है की नामांकन पत्र में जानकारी स्पष्ट एवं सारगर्भित रूप में प्रदान करें।

शॉर्टलिस्ट एवं विजेताओं के बारे में निर्णायक मंडल तथा रूम टू रीड की पुरस्कार समिति का निर्णय अंतिम होगा। निर्णायक मंडल द्वारा किए गए मूल्यांकन की जानकारी आवेदकों के साथ साझा करने हेतु रूम टू रीड बाध्य नहीं है।

आवेदन की सभी शर्तों को पूरा करने वाली प्रविष्टियों का ही मूल्यांकन किया जाएगा। यदि कोई प्रविष्टि किसी अन्य श्रेणी में अधिक समीचीन प्रतीत होती है तो रूम टू रीड की पुरस्कार समिति तथा निर्णायक मंडल अपने विवेकानुसार उस प्रविष्टि को दूसरी श्रेणी में शामिल कर सकते हैं।

# नामांकन हेतु योग्य व्यक्ति:

- बच्चों के लिए हिन्दी में चित्र-पुस्तकें प्रकाशित करने वाले प्रकाशक
- लेखक, चित्रकार, आलोचक अथवा अन्य कोई पुस्तक-प्रेमी


# पात्रता के मानदंड

## रूम टू रीड युवा चित्र-पुस्तक लेखक पुरस्कार (3-8 वर्ष) तथा (8-12 वर्ष)

सर्वश्रेष्ठ लेखक का चयन करने हेतु निम्न मानदंडों के आधार पर मूल्यांकन किया जाएगा:

- प्रविष्टि बाल साहित्य की चित्र-पुस्तक होनी चाहिए (इसको ऊपर परिभाषित किया जा चुका है।)
- पुस्तक की रचना मूल रूप से हिन्दी में हुई हो तथा यह भारत में प्रकाशित हुई हो। अनूदित अथवा अन्य भाषाओं से प्रेरित कृति का हिन्दी रूपान्तरण मान्य नहीं होगा। हालाँकि, समसामयिक संदर्भ और संवेदनशीलता के अनुरूप पुनर्कल्पित या पुनर्लिखित रचनाओं पर विचार किया जा सकता है।
- नामांकित लेखक ने पिछले 7 वर्षों के दौरान 3 से अधिक बाल पुस्तकों का प्रकाशन न किया हो। यानी कि उनकी कोई भी बाल पुस्तक 2017 से पहले प्रकाशित न हुई हो।

  **अथवा,** नामांकन के लिए 'युवा लेखक' वे होंगे जिनकी आयु नामांकन के समय 35 वर्ष या उससे कम हो।
- नामांकन के लिए जमा की जा रही पुस्तक 1 अप्रैल, 2021 से 31 मार्च, 2023 के दौरान ही प्रकाशित होनी चाहिए।
- पुस्तक का विषय एवं कथावस्तु 3-8 वर्ष तथा 8-12 वर्ष के बच्चों के लिए प्रासंगिक होना चाहिए। कथा को मनोरंजक एवं रोमांचक ढ़ंग से प्रस्तुत किया गया हो।



- कथावस्तु किसी प्रकार की रूढ़िगत धारणा अथवा भेदभाव का समर्थन नहीं करती हो।
- विषय, कथानक अथवा चरित्रों के बारे में कोई बाध्यता नहीं है, लेकिन ये सभी लेखक की मूल कल्पना/रचना होनी चाहिए।
- लेखन बच्चों के व्यक्तित्व, उनकी समझ-बूझ, क्षमताओं तथा आकांक्षाओं का सम्मान करता हो।
- पुस्तक अपने-आप में एक सम्पूर्ण रचना होनी चाहिए, यानी कि इसका आनंद लेने के लिए किसी प्रकार के श्रव्य उपकरण, फिल्म अथवा कंप्यूटर प्रोग्राम की सहायता दरकार ना हो।

## रूम टू रीड युवा चित्र-पुस्तक इलस्ट्रेटर पुरस्कार (3-8 वर्ष) तथा (8-12 वर्ष)

सर्वश्रेष्ठ चित्रकार का चयन करने हेतु निम्न मानदंडों के आधार पर मूल्यांकन किया जाएगा:

- प्रविष्टि बाल चित्र-पुस्तक होनी चाहिए (इसको ऊपर परिभाषित किया जा चुका है)
- पुस्तक की रचना मूल रूप से हिन्दी में हुई हो तथा यह भारत में प्रकाशित हुई हो। अनूदित अथवा अन्य भाषाओं से प्रेरित कृति का हिन्दी रूपान्तरण मान्य नहीं होगा। हालाँकि, समसामयिक संदर्भ और संवेदनशीलता के अनुरूप पुनर्कल्पित रचनाओं पर विचार किया जा सकता है।
- नामांकित चित्रकार ने पिछले 7 वर्षों के दौरान 3 से अधिक बाल पुस्तकों का प्रकाशन न किया हो। यानी कि उनकी कोई भी बाल पुस्तक 2017 से पहले प्रकाशित न हुई हो।

  **अथवा,** नामांकन के लिए 'युवा चित्रकार' वे होंगे जिनकी आयु नामांकन के समय 35 वर्ष या उससे कम हो।
- नामांकन के लिए जमा की जा रही पुस्तक 1 अप्रैल, 2021 से 31 मार्च, 2023 के दौरान ही प्रकाशित होनी चाहिए।
- चित्रसज्जा 3-8 वर्ष तथा 8-12 वर्ष के बच्चों को आकर्षक लगनी चाहिए जो रचना को मनोरंजक एवं रोमांचक ढ़ंग से प्रस्तुत करती हो।
- चित्रसज्जा किसी प्रकार की रुढ़िगत धारणा अथवा भेदभाव का समर्थन नहीं करती हो।
- कथावस्तु को क्रमवार प्रस्तुत किया गया हो और चरित्र ऐसे हों जो कि आसानी से बच्चों की स्मृति में बस जाएँ।
- विषय, कथानक अथवा चरित्रों के बारे में कोई बाध्यता नहीं, लेकिन ये सभी चित्रकार की मूल कल्पना/रचना होनी चाहिए।
- चित्रसज्जा बच्चों के व्यक्तित्व, उनकी समझ-बूझ, क्षमताओं तथा आकांक्षाओं का सम्मान करती हो।
- पुस्तक अपने-आप में एक सम्पूर्ण रचना होनी चाहिए, यानी कि इसका आनंद लेने के लिए किसी प्रकार के श्रव्य उपकरण, फिल्म अथवा कंप्यूटर प्रोग्राम की सहायता दरकार ना हो।

## रूम टू रीड साल की सर्वश्रेष्ठ चित्र-पुस्तक पुरस्कार (3-8 वर्ष ) तथा (8-12 वर्ष)

इस श्रेणी हेतु विजेता का चयन बाल लेखक तथा बाल चित्रकार श्रेणियों में प्राप्त प्रविष्टियों में से किया जाएगा। उपरोक्त श्रेणियों हेतु प्राप्त प्रविष्टियाँ स्वत: ही इस श्रेणी में स्वीकार कर ली जाएंगी। यह पुरस्कार विजेता पुस्तक के प्रकाशक को प्रदान किया जाएगा। शॉर्टलिस्ट में शामिल सभी पुस्तकों का मूल्यांकन करने के पश्चात निर्णायक मंडल इस पुरस्कार हेतु विजेता पुस्तक का चयन करेगा।

# नामांकन पत्र में निम्न जानकारियां प्रदान करें:

- पुस्तक का शीर्षक, लेखक तथा चित्रकार का नाम पूरा एवं सही-सही लिखें।
- प्रकाशक का नाम, प्रकाशन तिथि (दिन/महीना/साल), विधा, पृष्ठ संख्या तथा आईएसबीएन (प्रकाशन मूलतः हिन्दी में होना चाहिए तथा पुस्तक 1 अप्रैल 2021 से 31 मार्च 2023 के बीच प्रकाशित हुई हो)।
- नामांकन तिथि तक लेखक/चित्रकार द्वारा प्रकाशित पुस्तकों की संख्या (तीन से अधिक ना हों) तथा लेखक/चित्रकार का संक्षिप्त जीवन-परिचय (अधिकतम 300 शब्दों में)
- पुस्तक का सार तथा आवेदक ने उस पुस्तक को भेजने का निर्णय किसलिए लिया (अधिकतम 300 शब्दों में)
- संलग्न करें (केवल jpeg अथवा png फॉर्मैट में तथा फ़ाइल का आकार 2MB से अधिक ना हो):
  - लेखक/चित्रकार का चित्र
  - पुस्तक का मुखपृष्ठ
- आवेदक का नाम, संस्था, ई-मेल एड्रेस तथा फ़ोन नंबर

## नामांकन प्रक्रिया पूर्ण करने हेतु*:

आपको पुस्तक की 5 प्रतियाँ (कूरियर अथवा स्पीड पोस्ट द्वारा) निम्न पते पर प्रेषित करनी होंगीः **रूम टू रीड इंडिया ट्रस्ट, C21, ब्लॉक C, कुतुब इन्स्टीट्यूशनल एरिया, नई दिल्ली, दिल्ली, भारत – 110016। फ़ोन - +91 4666 4999**

***15 अगस्त 2023 या उस से पहले** उपरोक्त पते पर आपकी प्रतियाँ पहुँचने के बाद ही आपका नामांकन पूर्ण माना जाएगा।

किसी प्रकार की जानकारी अथवा सहायता के लिए कृपया
RtR.Awards@roomtoread.org
पर हमसे संपर्क करें।

**नोट:** रूम टू रीड नामांकन की प्रक्रिया में प्राप्त सभी प्रकार की सामग्री अपने पास रखने का अधिकार रखता है। कोई भी प्रविष्टि आवेदक को वापिस नहीं की जाएगी। रूम टू रीड यह सुनिश्चित करेगा कि आवेदकों द्वारा भेजी गई सभी पुस्तकों को बच्चों के पढ़ने के लिए अलग-अलग पुस्तकालयों में भिजवाया जाए।